आकाशवाणी मध्यप्रदेष

प्रादेशिक समाचार

दिनांक : 25.02.2025 समय : 02.10pm

## प्रधानमंत्री-असम यात्रा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुवाहाटी में एडवांटेज असम के दूसरे संस्करण निवेश और बुनियादी ढांचा शिखर सम्मेलन का उद्घाटन किया। सत्र को सम्बोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज कहा कि वैश्विक अनिश्चितता के बावजूद भी कई वैश्विक विशेषज्ञ भारत के तेज विकास को लेकर आश्वस्त हैं। गुवाहाटी में एडवांटेज असम निवेश और आधारभूत शिखर सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि आज का भारत, आने वाले 25 वर्ष की 21वीं सदी के दीर्घकालिक विजन को ध्यान में रखते हुए एक के बाद एक कदम उठा रहा है और बड़े पैमाने पर काम कर रहा है।

## जीआईएस

प्रदेश के भोपाल में आयोजित दो दिवसीय ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का आज दूसरा और आखिरी दिन है। केन्द्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने आज ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में 'मप्र एकीकृत टाउनशिप नीति, पुनर्घनत्वीकरण एवं मध्य प्रदेश आवास पुनर्विकास नीति' विषय पर आयोजित सत्र में शामिल हुए। श्री खट्टर ने कहा कि हम नई नीतियों के निर्माण और शहरों के विकास के संबंध में नागरिकों के सुझावों को हमेशा महत्व देते हैं। हमारा प्रयास योजनाओं को धरातल पर उतारकर उनका समुचित क्रियान्वयन सुनिश्चित करना और हर वर्ग तक उनकी पहुंच सुनिश्चित करना है। उन्होंने आगे कहा कि पूरी दुनिया में शहरों की आबादी बढ़ रही है। 2047 तक भारत को विकसित बनाने के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए हमें शहरों की भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए विकास नीतियां बनानी होंगी। श्री खट्टर ने कहा कि शहरों के विकास के लिए अच्छी शहरी गतिशीलता और सस्ते मकान जरूरी हैं। रियल एस्टेट क्षेत्र में विकास के लिए जो भी सुझाव मिलेंगे, उन पर केन्द्र सरकार काम करेगी। इस सत्र की अध्यक्षता करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इंदौर और भोपाल के महानगरों के रूप में विकसित होने का जिक्र करते हुए कहा कि शहरी विकास के लिए अलग से समिट आयोजित की जाएगी। ,d vU; सत्र में eq[;ea=h ds lkFk केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत और अभिनेता पंकज त्रिपाठी भी शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने कहा कि 10 मार्च को प्रदेश के 9वें टाइगर रिजर्व, "माधव टाइगर रिजर्व" का लोकार्पण किया जाएगा।

## मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव

आज ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के समापन समारोह में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शामिल होंगे,

3R समिट

भारत एशिया और प्रशांत क्षेत्र में 12वें क्षेत्रीय 3आर और सर्कुलर इकोनॉमी फोरम की मेजबानी करेगा। फोरम का आयोजन 3-5 मार्च को जयपुर के राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में होगा। इसका विषय "रियलाइजिंग सर्कुलर सोसाइटीज टूवाड्‌र्स एचीविंग एसडीजी एंड कार्बन न्यूट्रीलिटी इन एशिया पेसिफिक" पर केन्द्रित होगा। सम्मेलन में 500 से अधिक अंतर्राष्ट्रीय और घरेलू प्रतिभागियों के शामिल होने की उम्मीद है, जिसमें पूर्ण सत्र, देश-विशिष्ट चर्चाएं, थीम-आधारित गोलमेज सम्मेलन और नेटवर्किंग के अवसर शामिल होंगे। आयोजन में 'इंडिया पैवेलियन' 3आर और सर्कुलर इकोनॉमी डोमेन में भारत की उल्लेखनीय पहलों और उपलब्धियों को प्रदर्शित करेगा। 12वें फोरम का समापन एशिया-प्रशांत देशों में संसाधन-कुशल, सर्कुलर इकोनॉमी में परिवर्तन को सक्षम करने के लिए 'जयपुर घोषणापत्र' को अपनाने के साथ होगा। कार्यक्रम वर्चुअल भागीदारी के लिए खुला रहेगा। प्रतिभागी https://3rcefindia.sbmurban.org/ पर पंजीकरण करके ऑनलाइन सत्रों में भाग ले सकते हैं।

राष्ट्रपति तीन राज्यों का दौरा

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज से तीन राज्यों के पांच दिनों के दौरे पर हैं। आज बिहार के पटना में राष्ट्रपति ने पटना मेडिकल कॉलेज के शताब्दी समारोह में हिस्सा लिया। राष्ट्रपति कल प्रदेश में छतरपुर के गढ़ा में बागेश्वर जन सेवा समिति की ओर से आयोजित सामूहिक विवाह समारोह में भाग लेंगी। कल ही वे गुजरात के केवडिया में स्टेच्यू ऑफ यूनिटी पर श्रद्धांजलि अर्पित करेंगी और केवडिया में नर्मदा आरती में शामिल होंगी।

समाचार संक्षेप में -

- शिवपुरी में महाशिवरात्रि पर्व पर सिद्धेश्वर मंदिर समेत विभिन्न शिवालयों पर पूजन एवं धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं।

- नर्मदापुरम जिले के पचमढ़ी में 17 फरवरी से शुरू हुए महाशिवरात्रि मेले में दो लाख से अधिक श्रद्धालु चौरागढ़ शिव मंदिर में दर्शन कर चुके हैं।
- गुना कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने आज जनसुनवाई के दौरान नागरिकों की समस्याओं का समाधान किया।
- आगरमालवा जिले से राज्य स्तरीय नेतृत्व विकास शिविर, शैक्षणिक भारत दर्शन कार्यक्रम के लिए 04 छात्र–छात्राओं का दल सोमवार को रवाना हुआ।
- चैम्पियन ट्रॉफी क्रिकेट प्रतियोगिता में आज रावलपिंडी में दक्षिण अफ्रीका और आस्ट्रेलिया के बीच मुकाबला होगा।

..............................